**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 10.09.2020**

- **स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 सिटिजन फीड बैक में नगर निगम,शाहजहाँपुर को प्राप्त राष्ट्रीय पुरस्कार के उपलक्ष्य में आज दिनांक 10.09.2020 को गाँधी भवन में स्वच्छता महोत्सव का आयोजन। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 मंत्री वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री सुरेश कुमार खन्ना जी रहे। जिलाधिकारी/ प्रशासक श्री इन्द्र विक्रम सिंह जी ने कार्यक्रम अध्यक्षता की। नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में हुआ कार्यक्रम।**
- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 10.09.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

1. स्वच्छ सर्वेक्षण–2020 सिटिजन फीड बैक में नगर निगम,शाहजहाँपुर को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके उपलक्ष्य में आज दिनांक 10.09.2020 को गाँधी भवन सभागार में स्वच्छता महोत्सव का आयोजन किया गया, इस आयोजन में मा0 मंत्री वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री सुरेश कुमार खन्ना जी मुख्य अतिथि थे एवं जिलाधिकारी/ प्रशासक श्री इन्द्र विक्रम सिंह जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। नगर आयुक्त महोदय के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम की तय रूपरेखा के अनुसार कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 मंत्री वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री सुरेश कुमार खन्ना जी मुख्य अतिथि द्वारा गाँधी भवन स्थित महात्मा गाँधी, सुभाष चन्द्र बोस,लाल बहादुर शास्त्र जी की प्रतिमाओ पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ नगर आयुक्त महोदय के सम्बोधन से हुआ जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार में नगर वासियो की भूमिका हेतु आभार व्यक्त करते हुये आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में नागरिको की भूमिका तथा सहयोग के बारे में चर्चा की। लोकभारती संस्था के श्री प्रेमपाल सिंह द्वारा गीले कचरे के खाद् बनाने के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके बाद आई0डी0सी0 संस्था द्वारा खिरनीबाग स्थित कूड़ा निस्तारण पायलट प्रोजेक्ट का प्रस्तुतीकरण किया गया। आई0आई0टी0 कानपुर के श्री हरिशंकर द्वारा समुदाय आधारित एवं विकेन्द्रीकृत कचरे के निस्तारण सम्बन्धी प्रस्तुतीकरण किया गया। श्री सैफ (डी0पी0एम0) एवं सौरभ एवं श्री सौरभ द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में नागरिको की भूमिका तथा उनके उत्तरदायित्व सम्बन्धी प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष जिलाधिकारी /प्रशासक महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह जी द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु लोगो का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही एक शहरी होने के नाते उनकी जिम्मेदारियो का अहसास दिलाते हुये आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में उनके सहभागिता हेतु अपील की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 मंत्री वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री सुरेश कुमार खन्ना जी के द्वारा नगर के समस्त नगर वासियो, नगर निगम के कर्मियो, स्वच्छता कर्मियो,स्वच्छता समितियो के प्रति राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने में उनकी भूमिका तथा सहयोग की सरहाना करते हुये नगर निगम को आगमी स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में देश में सर्वोच्च स्थान दिलाने हेतु अपील की। मा0 मंत्री जी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण में विशेष भूमिका निभाने वाले संगठनो,समितियो,स्वच्छता कर्मियो को प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री दपिन्दर कौर के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का समापन अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह के धन्यवाद् सम्बोधन के द्वारा हुआ। कार्यक्रम में मा0 मंत्री वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग श्री सुरेश कुमार खन्ना जी, मा0 अध्यक्ष सफाई कर्मचारी आयोग श्री सुरेन्द्र नाथ वाल्मीकि, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह, जिलाधिकारी/प्रशासक श्री इन्द्र विक्रम सिंह,अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी जी, नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0 सिंह,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती,एवं अंगद गुप्ता,महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता श्री दिनेश चन्द्र सचान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी0गौतम एवं समस्त सफाई एवं खादय निरीक्षक,स्वच्छता कर्मी, समस्त निवर्तमान सभासद, नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारगण उपस्थित रहे।

Generated by CamScanner

2. नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 10.09.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य , बी0एस0 पब्लिक, पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा, चिनौर, सुभाष नगर,इन्द्रानगर, बृज बिहार कालोनी, तारीन बहादुरगंज ,पावर हाउस, फत्तेपुर, रामनगर,गदियाना, सैनिक कालोनी, रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज, तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक, महमंद जलालनगर स्कूल, अहमदपुर, रेती, तिलहरजई, मोहम्मदजई, गौहरपुरा, बाबूजई, कच्चा कटरा, चौभुर्जी, चमकनी, बहादुरगंज, खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय, कचहरी, मंत्री जी वाली गली आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 10.09.2020 को **हाथीथान, बाडूजई प्रथम, हुण्डालखेल,वाला तिराही** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 10.09.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ करा जाये एवं जल भराव स्थानो को साफ कराया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम शाहजहाँपुर
10/9/2020

Generated by CamScanner